पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXX अंक–14 31 जुलाई, 2025

**सो सुधारि हरिजन जिमि लेहीं। दलि दुख दोष बिमल जसु देहीं।।**
**खलउ करहिं भल पाइ सुसंगू। मिटइ न मलिन सुभाउ अभंगू।।**

भगवान के भक्त जैसे उस चूक को सुधार लेते हैं और दुःख दोषों को मिटाकर निर्मल यश देते हैं, वैसे ही दुष्ट भी कभी–कभी उत्तम संग पाकर भलाई करते हैं; परन्तु उनका कभी भंग न होने वाला मलिन स्वभाव नहीं मिटता।। **–श्रीरामचरितमानस 2**

## उप निदेशक (प्रचालन)



कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/AREG/2025/427553 दिनांक 23.07.2025 के अनुसार अध्यक्ष, अभिशासक परिषद ने चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर सिविल इंजीनियरी विभाग के **प्रो. अरविंद कुमार नेमा** को 25 जुलाई, 2025 से आगामी दो वर्ष के लिए उप निदेशक (प्रचालन) के रूप में नियुक्त किया गया है।

## स्वागत

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2025/426677 दिनांक 21.07.2025 के अनुसार **प्रो. विवेक मिश्रा** ने 15.07.2025 से संस्थान के प्रबंध अध्ययन विभाग में सातवें वेतन आयोग के वेतन लेवल-11 में सहायक प्रोफेसर, ग्रेड-II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. विवेक मिश्रा को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन 13ए1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2025/426597 दिनांक 21.07.2025 के अनुसार **प्रो. आदर्श बारिक** ने 15.07.2025 से संस्थान के कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के वेतन लेवल-11 में सहायक प्रोफेसर, ग्रेड-II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. आदर्श बारिक को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन 13ए1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2025/425258 दिनांक 16.07.2025 के अनुसार **प्रो. भास्कर प्रतिम मुखोटी** ने 07.07.2025 से संस्थान के यार्डी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्कूल में सातवें वेतन आयोग के वेतन लेवल-12 में सहायक प्रोफेसर, ग्रेड-I के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. भास्कर प्रतिम मुखोटी को उनकी नियुक्ति से तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन 13ए1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) संस्थान द्वारा प्रायोजित ''युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप'' भी प्रदान की गई है।

- स्थापना अनुभाग-2 से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES-II/2025/426848 दिनांक 21.07.2025 के अनुसार **श्री आकाश कुमार किसनिया** ने 17.07.2025 से संस्थान के अनुप्रयुक्त यांत्रिक विभाग में कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

## बधाई (चयन/पदोन्नति)

स्थापना अनुभाग–1 से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार निम्नलिखित संकाय सदस्यों को उनके नाम के आगे दिए गए पद के लिए चयनित/पदोन्नत किया गया है:–

| संकाय सदस्य का नाम | पिछला पदनाम | नया पदनाम | विभाग/केन्द्र | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| **प्रो. अर्घ्य सामंता** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. विक्रांत तिवारी** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्रो. आनंदरूप दास** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | विद्युत इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. मनन सूरी** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | विद्युत इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. मो. एस. वाजिद अली** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. संजय धीर** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | प्रबंध अध्ययन विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. शाश्वत भट्टाचार्या** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | भौतिकी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. सुनील कुमार** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | भौतिकी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. सुप्रीत सिंह बहगा** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | यांत्रिक इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. देवेन्द्र कुमार दुबे** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | यांत्रिक इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. अभिजीत राज** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | रासायनिक इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. सायन रानू** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. अमित मेंहदीरत्ता** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | जैव चिकित्सा इंजीनियरी केन्द्र | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. सम्पा साहा** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. लीना नेभानी** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. हरिप्रसाद पी.** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
| **प्रो. सौविक चक्रबर्ती** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | अनुप्रयुक्त यांत्रिकी इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. शिब शंकर बनर्जी** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. संगीता संतरा** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. दिव्या नायर** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. अंकुर गोस्वामी** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | पदार्थ विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्रो. बिस्वारूप मुखर्जी** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | जैव चिकित्सा इंजीनियरी केन्द्र | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. पूजा घोष** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. सुप्रतीक गुप्ता** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | सिविल इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. अनंत कुमार मांझी** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | गणित विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. राजर्षि दासगुप्ता** | सहायक प्रोफेसर ग्रेड-I | सह प्रोफेसर | पब्लिक पॉलिसी स्कूल | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. गौरव द्विवेदी** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | प्रबंध अध्ययन विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. बिस्वाजीत परीदा** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | प्रबंध अध्ययन विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. विक्रांत सक्सेना** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | भौतिकी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. साजेश पी. थॉमस** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | रसायन विज्ञान विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. तारक कर्माकर** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | रसायन विज्ञान विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. दीपक जैन** | सहायक प्रोफेसर ग्रेड-I | सह प्रोफेसर | प्रकाशिकी एवं फोटोनिकी केन्द्र | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. संदीप कुमार** | सहायक प्रोफेसर ग्रेड-I | सह प्रोफेसर | विद्युत इंजीनियरी विभाग | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |
| **प्रो. रिजुरेखा सेन** | सहायक प्रोफेसर | सह प्रोफेसर | कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी केन्द्र | ₹ 1,39,600–2,11,300 (लेवल–13ए2) |

## सेवानिवृत्तियाँ

संस्थान के निम्नलिखित संकाय/स्टाफ सदस्य अधिवर्षिता की आयु होने पर 31 जुलाई, 2025 को अपराह्न में संस्थान से सेवानिवृत्त हो रहे हैं :–

### प्रो. आर. उमा, प्रोफेसर, ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग



**प्रो. आर. उमा** ने संस्थान में 06 नवम्बर, 2006 को सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 09 जून, 2014 में आपको सह प्रोफेसर तथा 17 जुलाई, 2023 में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया।

प्रो. आर. उमा ने सेंट स्टीफेन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान में बी.एससी. एवं एम. एससी. की उपाधि क्रमशः 1979 व 1981 में प्राप्त की। आपने आई.आई.टी. दिल्ली से 1989 में प्लाज्मा भौतिक विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। आपने (स्व.) पद्मश्री प्रो. एम. एस. सोढ़ा और (स्व.) प्रो. डॉ. सुब्बाराव के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य किया।

आपने रॉयल कमीशन पोस्ट डॉक्टरल छात्रवृत्ति जीतने के बाद 1986 से 1988 तक क्वीन मैरी कॉलेज, लंदन, यू.के. में प्रो. इयान पर्सीवल के मार्गदर्शन में शोध कार्य किया। आपके शोध का व्यापक विषय क्षेत्र प्लाज्मा भौतिकी और प्रकाशिकी में गैर–रैखिक घटनाएं रहा है। आपने सी.एस.आई.आर. परियोजना पर ''प्लाज्मा के गैर–रैखिक प्रकाशिकी पर विशेष जोर देने के साथ भौतिक में गैर–रैखिक आंशिक अंतर समीकरणों के लिए समूह सैद्धांतिक विधियों'' पर और डीएसटी महिला वैज्ञानिक योजना पर 'डीजेनेरेट 4–तरंग मिश्रण और प्लाज्मा

में अनुप्रयोग' पर एक प्रोजेक्ट वैज्ञानिक के रूप में काम किया है।

प्रो. आर. उमा के पर्यवेक्षण में 24 छात्रों ने पीएच.डी. पूर्ण की हैं तथा 2 छात्र अभी भी अध्ययन कर रहे हैं। आपने 54 शोध पत्र तथा 17 बुक चैप्टर प्रकाशित किये हैं। आपने लगभग 22 शोध प्रस्तुतियां/आमंत्रित वार्ताएं भी की हैं।

सदैव अपने शोध कार्य में लगी रहने वाली प्रो. आर. उमा अपने संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रही हैं।

### श्री हीरा लाल (70100), कनिष्ठ सहायक (वर्कचार्ज), निर्माण अनुभाग



**श्री हीरा लाल** ने 31 मार्च, 1989 को संस्थान में ग्रुप 'डी' हेल्पर/बेलदार के रूप में 800-1150 /–रु. के वेतनमान मे कार्यभार ग्रहण किया था। 01 अप्रैल, 1997 मे आपको 3050-4590/–रु. के वेतनमान में पदोन्नत किया गया। 01 सितम्बर, 2008 में आपको एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत 5200-20200/–रु. के वेतनमान में 2000/–रु. के ग्रेड वेतन में पदोन्नत किया गया। 4 अप्रैल, 2016 में आपको ग्रुप 'डी' से ग्रुप 'सी' में कनिष्ठ सहायक के रूप में पदनामित किया गया। 01 सितम्बर, 2018 में एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको लेवल–4 में उन्नयन दिया गया। मृदु स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के श्री हीरा लाल एक मेहनती एवं कर्मठ कनिष्ठ सहायक रहे हैं।

संस्थान समुदाय उपरोक्त संकाय/स्टाफ सदस्य को भावभीनी विदाई देते हुए उनके व उनके परिवार के लिए सुख, समृद्धि एवं शांतिमय जीवन की कामना करता है।

## आरोग्य स्वास्थ्य वार्ता श्रृंखला का सफल आयोजन (सत्र–4)

**हवाई यात्रा के दौरान चिकित्सकीय आपात स्थितियाँ**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, अस्पताल एवं स्वास्थ सेवाएं से प्राप्त विज्ञप्ति संख्या IITD/2025/KHOS दिनांक 21.07.2025 के अनुसार आई.आई.टी. दिल्ली अस्पताल और अकादमिक आउटरीच कार्यालय की व्याख्यान श्रृंखला का चौथा सत्र **''हवाई यात्रा के दौरान चिकित्सकीय आपात स्थितियाँ''** डॉ. दीपक गुप्ता (प्रोफेसर, न्यूरोसर्जरी, एम्स दिल्ली एवं आई.आई.टी. दिल्ली से पीएच.डी) के विशेषज्ञ व्याख्यान के साथ 11 जुलाई, 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।



आरोग्य स्वास्थ्य वार्ता श्रृंखला के इस सत्र में डॉ. दीपक गुप्ता ने हवाई संकट प्रबन्धन से संबंधित रोचक अनुभव साझा किए जिसमें सीमित स्थान तथा अधिक ऊँचाई पर चिकित्सा देखभाल की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने केबिन दबाव, हाइपोक्सिया तथा अशान्त हवाओं का चिकित्सकीय स्थितियों पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या भी की। उन्होंने उन स्थितियों पर भी चर्चा की कि किन स्थितियों में उड़ान नहीं भरनी चाहिए तथा जोखिमों को कम करने के उपाय भी सुझाए।

डॉ. गुप्ता को उनके विशेषज्ञ ज्ञान के लिए, प्रतिभागियों को उनके द्वारा पूछे सार्थक प्रश्नों के लिए, आई.आई.टी. दिल्ली अस्पताल एवं अकादमिक आउटरीच टीम के सहयोग के लिए विशेष आभार दिया गया।

आई.आई.टी. दिल्ली अस्पताल एवं अकादमिक आउटरिच कार्यालय हम सभी प्रतिभागियों, विशेषकर डॉ. खोसला का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस सत्र को ज्ञानवर्धक एवं यादगार बनाया। आरोग्य श्रृंखला के अगले सत्रों में आपकी सहभागिता हमें और भी बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करेगी।

## पुनर्नियुक्ति

**प्रो. आर. उमा** (ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग) को संस्थान संविधि के पैरा 13(2) के अनुसार वर्तमान शैक्षिक सत्र के अंत तक अर्थात् 30.06.2026 तक के लिए ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग में प्रोफेसर के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

*मुद्रकः* सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली।    ई–मेलः sagarprinters@gmail.com